## महत्वपूर्ण एवं खास

### प्रेमनगर-धरमजयगढ़ मेन मुख्य मार्ग में अज्ञात वाहन ने मोटर सायकल को मारी ठोंकर, दुर्घटना में दो की मौत, एक घायल

रायगढ़। ग्राम टिमनभौना थाना करतला जिला कोरबा निवासी छातिरराम अगरिया पिता सुन्दर साय अगरिया उम्र 55 वर्ष निवासी अपनी पत्नि श्रीमति दुलारी अगरिया उम्र 50 वर्ष एवं भतीजा बच्चनराम अगरिया पिता जगतराम अगरिया 29 वर्ष के साथ दिनांक 08-01-2019 को ग्राम बाकारूमा अपने रिस्तदारी में कफन-दफन कार्यक्रम के लिए मोटर सायकल पर गये थे जहां से आज छातिरराम अगरिया , उसकी पत्नि व भतीजा बच्चनराम अगरिया एक ही मोटर सायकल प्लेटिना CG 12 A - 5474 में वापस घर टिमनभौना (करतला) धरमजयगढ़ - खरसिया मुख्य मार्ग होते आ रहे थे कि दोपहर करीब 14.45 बजे ग्राम प्रेमनगर - धरमजयगढ़ मेन रोड पर एक अज्ञात वाहन ने इनके मोटर सायकल को पीछे से ठोंकर मार दिया जिससे बच्चन अगरिया सडक के बांये ओर गिर गया तथा सडक पर गिरे छातिरराम अगरिया व उसकी पत्नि दुलारी अगरिया को अज्ञात वाहन कुचलकर भाग गया। घटना की सूचना मिलने पर धरमजयगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पी.एम. के लिये भिजवायी। घटना के संबंध में बच्चनराम अगरिया के रिपोर्ट पर मर्ग क्रमांक 05, 06/19 धारा 174 CrPC पंजीबद्ध किया गया है।

### जुआरियों पर गिरी पुलिस की गाज

रायगढ़। थाना पुसौर में कार्यरत प्रधान आरक्षक जयशरण चन्द्रा, भानूपात्रे एवं आरक्षक प्रताप बेहरा 9 जनवरी को मुखबिर सूचना पर ग्राम कोसमंदा के मंसाडांड तालाब मेड पर जुआ खेज रहे कुछ जुआड़ियान को घेराबंदी कर पकड़े, जुआ खेल रहे दिपेश ठाकुर पिता शिव प्रसाद ठाकुर, दिलीप प्रधान पिता रविशंकर प्रधान, मोहन सिदार पिता कांशी राम सिदार, प्रफुल गुप्ता पिता सुरेश गुप्ता के फड़ एवं पास से 1100 रूपये एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया गया है। जुआड़ियान के विरूद्ध थाना पुसौर में अप.क्र. 06/19 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय : साक्षात्कार 16 जनवरी को

रायगढ़। जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर, रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए स्नातकोत्तर शिक्षक (पीजीटी) एवं स्टाफ नर्स (परिचारिका) के अस्थायी रिक्त पदों के लिए संविदा आधार पर पात्र उम्मीदवारों के लिए 16 जनवरी 2019 को साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों के साथ 16 जून को पूर्वान्ह 11 बजे जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर, रायगढ़ में उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के वेबसाईट www.jnvraigarh.in में प्राप्त कर सकते हैं।

### महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण हेतु दस्तावेजों के काऊंसिलिंग 17 जनवरी को

रायगढ़। महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) प्रशिक्षण सत्र 2018-19 हेतु दस्तावेजों की काऊसिलिंग 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रायगढ़ में किया जाएगा।

# अटल के नाम पर सहमति नहीं, एमआईसी ने 12 प्रस्तावों को दी मंजूरी




रायगढ़। गुरूवार को आयोजित हुई एमआईसी की बैठक में शहर के 13 प्रस्तावों मे से 12 को मंजूरी दे दी गई लेकिन अटल के नाम पर सदस्यों में आपसी सहमति नहीं बन पाई। पूर्व प्रधानमंत्री के नाम से नवनिर्मित सांस्कृतिक एवं सामुदायिक भवन का नामकरण करने का यह प्रस्ताव टाल दिया गया।

नगर निगम में चार महीने बाद गुरूवार को एमआईसी की बैठक बुलाई गई थी। विस चुनाव के बाद पहली बार आयोजित इस बैठक में कुल 13 प्रस्ताव शामिल किए गए थे। पेंशन के प्रकरणों में स्वीकृति, वार्डों में सीसी रोड एवं नालियों के काम के अलावा मैरिन ड्राइव के पास सामुदायिक भवन निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा मंगल भवन का ठेका व न्यायालयीन कार्यों के लिए निगम की ओर से अधिवक्ताओं के पैनल को मंजूरी देने के अलावा अन्य प्रस्तावों पर तो सहमति बन गई लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की याद में नामकरण के एक प्रस्ताव को टाल दिया गया। बैठक के प्रस्ताव क्रमांक 6 में बीजेपी से पंकज कंकरवाल एवं सुगनचंद फरमानिया ने मांग रखी थी। इसमें कलेक्टोरेट के बगल में बनकर तैयार सांस्कृतिक भवन एवं केवड़ाबाड़ी में नवनिर्मित सामुदायिक भवन के अलावा बोइरदादर में प्रस्तावित लाइब्रेरी का नाम भी अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर करने की मांग रखी थी लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद निगम में भी बीजेपी खेमे का पलड़ा कमजोर हुआ तो इस पर आम सहमति नहीं बन पाई और इसमें मंजूरी देने की जगह इसे टाल दिया गया।

#### जयसिंह व गणेश में मछलीपालन

शहर में सीएसआर मद से खर्च करने के बाद पूर्व कलेक्टर ने गणेश तालाब एवं जयसिंह तालाब का सौंदर्यीकरण कराया था। वर्तमान में हर दिन सुबह-शाम यहां शहरवासी चहलकदमी के लिए आते हैं लेकिन शहर सरकार ने इन दोनों तालाबों में मछली पालन के लिए हरी झंडी दे दी है। शहर के इन दोनों तालाबों को 10 सालों के लिए लीज पर देकर अपनी आय बढ़ाने के लिए एमआइसी ने स्वीकृति दे दी है।

# भूत बनकर डराने वाले दो युवक पकड़े गए



रायगढ़। पखवाड़े भर अनाथालय में पढ़ाने वाली शिक्षिका का पर्स सहित मोबाईल चोरी करने वाले चोर व उसके साथी को कोतवाली पुलिस ने अपने हत्थे चढ़ाया है। दोनों युवक को गिरफ्तार कर चर्चित कांड का खुलासा भी हुआ। जिसमें पुलिसिया पूछताछ में दोनों युवकों ने स्कूली बच्चों को भूत बनकर डराने के मामले संलिप्ता पाई गई है।

चोरी का खुलासा करते हुए कोतवाली पुलिस ने बताया कि 26 नवम्बर 2018 को अनीता साहू नाम की शिक्षिका ने अपना हैंडबैग चोरी की रिपोर्ट लिखवाई थी। जिसे खिड़की के हाथ डालकर पर्स को चोरी करने की बात कही गई थी। जिसमें महिला का आईडी कार्ड पैन कार्ड व मोबाइल भी था। वही शिक्षिका का पर्स करने वाले युवक मोबाइल बेचने की फिराक में भी थे लेकिन इन्हे कोई खरीददार नहीं मिल पा रहा था। इस बीच मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध लोगों की धरकपड़ करने में लगी थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर मो करीम उम्र 24 वर्ष बिड़पारा निवासी को बस स्टैंड केवड़ाबाड़ी से पकड़ा गया। वही पूछताछ में करीम ने अपने साथी बिरजू लक्ष्मीपुर उम्र 30 वर्ष का भी संलिप्त होना बताया जिस पर उसके निशान देही पर दोनों को हिरासत में लिया गया जहां आरोपियों के पास से चोरी की गई पर्स व 400 रुपये व मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। मामले में दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जहां दोनो को न्यायलय पेश किया गया ।जिस पर जेल भेजा गया है।

#### हुलिया ऐसा की डर जाए लोग

पकड़े गए आरोपियों का हुलिया काफी रोचक है जिसमें बिरजू मानिकपुरी लंबे बाल व उसकी लाल आंखे कोई भी व्यक्ति डर सकता है । वही उसे देख स्कूली बच्चे डरते थे। वही करीम नशे में रहने का आदी है। जिसके चाल चलन भी काफी भयानक रहता है। बताया जा रहा कि बिरजू मानिकपुरी व करीम नशे खंडहर बंगले में नशा करते थे एवं स्कूली बच्चों को इशारा कर डराते थे पुलिस के अनुसार इनके द्वारा कई बार स्कूल के अंदर प्रवेश कर ब्लैक बोर्ड में अर्नगल शब्द भी लिखते थे।

#### सीसीटीवी में हुए थे दोनों कैद

गौरतलब है कि कार्मेल स्कूल के शिक्षिका द्वारा शिकायत किये थे कि जहां कोतवाली पुलिस ने शुरुआत में तो इन सभी को लेकर हिल हवाला करने लगे। जहां मोबाइल चोर के पकड़े जाने के बाद स्कूल से मिली सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लम्बे बाल वाले बिरजू की शिनाख्त हो पाई हैं।

# ट्रेलर वाहन के पलटने से 15 वर्षीय बालक की मौत

रायगढ़। खरसिया के ग्राम आड़पथरा मधुबन पारा में रहने वाला असलम अली का पुत्र रमजान अली उम्र 15 वर्ष भालूनारा निवासी ड्रायवर गनपत के साथ ट्रेलर वाहन क्र. सीजी-13, एल 0797 में हेल्फरी का काम करता था 8 जनवरी की सुबह 8 बजे रमजान अली टिफिन लेकर हेल्फरी करने गनपत के साथ ट्रेलर वाहन में गया था कि रात्रि लगभग 8 ट्रेलर वाहन का चालक गनपत वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर कुनकुनी ढोलपहरी के पास आम रोड में पलटी करा दिया जिसमें दबकर रमजान अली फौत हो गया।

घटना के संबंध में मृतक के पिता द्वारा दिनांक 09.01.18 को थाना खरसिया में रिपोर्ट दर्ज कराया, रिपोर्ट पर ट्रेलर वाहन के चालक गनपत के विरूद्ध अप.क्र. 16/19 धारा 304 (A) IPC दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# 6 उम्मीदवारों हो सकते हैं अयोग्य, निर्वाचन ने दिया नोटिस

## अरविंद व संतराम समेत 6 ने नहीं दिया खर्च का हिसाब

रायगढ़। जिले में विस चुनाव लड़ने वाले 6 उम्मीदवारों आने वाले समय में किसी भी तरह के चुनाव में खड़ा होने के लिए अयोग्य हो सकते हैं। विस में खर्च का ब्यौरा नहीं दिए जाने पर निर्वाचन आयोग ने सख्ती दिखाई है और अंतिम नोटिस जारी कर 24 घंटों के भीतर जवाब मांगा है। निर्वाचन आयोग ने गुरूवार को विस में खर्च का हिसाब देने के लिए अंतिम तारीख तय की थी और जिले में पांचों विस में सभी 58 प्रत्याशियों के खर्च का हिसाब मांगा था इसमें से 6 प्रत्याशियों ने अपने खर्च का पूरा ब्यौरा नहीं दिया है। इसमें सारंगढ़ के सर्वाधिक 4 प्रत्याशी हैं। बीएसपी के अरविंद खटकर के अलावा कृष्णचंद्र भारद्वाज,संतोषी खटकर व सुभाष चौहान को नोटिस दिया गया है। इसी तरह लैलूगा विस से सुरेश कूजूर एवं धरमजयगढ़ से जोगी कांग्रेस के संतराम राठिया को भी खर्च का हिसाब नहीं दिए जाने पर आयोग की तरफ से नोटिस जारी किया गया है। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी संजय दीवान ने बताया कि उक्त सभी प्रत्याशियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 78 के तहत नोटिस जारी किया गया है और संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर उनके आगामी चुनाव लड़ने में हर तरह से रोक लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# अज्ञात चोरों द्वारा तीन दुकान का ताला तोड़कर किसा सामान पार

रायगढ़। 9 जनवरी की दरम्यानी रात थाना घरघोड़ा अन्तर्गत पुराना शराब भट्ठी के पास स्थित तीन दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब डेढ़ लाख रूपये का सामान चोरी कर ले गये। चोरी की रिपोर्ट थाना घरघोड़ा में उस्मान अंसारी निवासी नवापारा घरघोड़ा द्वारा दर्ज कराया गया है, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि इसकी उस्मान आटो पार्टस नाम से पुराना शराब भट्ठी के पास दुकान स्थित है 9 जनवरी की रात्रि 8.30 बजे दुकान में ताला बंद कर घर चला गया था। 10 जनवरी की सुबह जानकारी हुआ कि मेरे दुकान तथा पास के सेलुन और पिंटु बंसे का किराना दुकान में रात्रि में चोरी हुआ है। तब दुकान आकर देखा कोई अज्ञात चोर दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखा समान टायर ट्युब सेट 32 नग, मोबिल 3 पेटी, ब्रेक शु 2 पेटी व अन्य ऑटो पार्ट्स एवं नगदी रकम 1500 रूपये, कुल 1 लाख 50 हजार का समान चोरी कर ले गया है तथा सपना हेयर कटिंग सेलुन से बाल सुखाने व बाल काटने का मशीन एवं पिन्टू बंसे किराना दुकान से नगद 1500 रूपये की चोरी हुआ है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 06/19 धारा 457,380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# आबकारी विभाग से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर 14405 जारी

रायगढ़। आबकारी विभाग से संबंधित किसी भी प्रकार के अवैध शराब निर्माण, विक्रय, परिवहन, मदिरा दुकानों से अधिक दर पर बिक्री आदि शिकायतों के संबंध में आबकारी विभाग के टोल फ्री नंबर 14405 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं० 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तयामत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य विचारों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480